आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू कल मण्डी जिले के नाचन विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित बागा, स्यांज और पंगल्यूर गांव में हुए नुकसान का निरीक्षण किया और प्रभावितों को राज्य सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों से उनकी संपत्ति को हुए नुकसान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपदा बहुत बड़ी है लेकिन राज्य सरकार हर प्रभावित का पुनर्वास करेगी और नुकसान का पूरा मुआवजा देगी। नाचन विधानसभा क्षेत्र के बागा में दो व्यक्तियों की मौत हुई है जबकि पंगलयूर गाँव में नौ लोग बह गए, जिनमें से चार शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि 5 व्यक्ति अभी भी लापता हैं। इस बीच मुख्यमंत्री आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे के बाद आज मंडी से शिमला लौटेंगे।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सराज विधानसभा क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से अभी तक पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक का ढांचागत नुकसान हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि आज से पहले इस तरह का नुकसान कभी नहीं हुआ है और लोगों के बेघर होने के साथ ही उनके आजीविका कमाने के साधन भी छिन गए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रशासन द्वारा आपदा से हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है और सरकार से इसके लिए सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा कि वे केंद्र से भी इस आपदा के लिए विशेष सहायता देने का आग्रह करेंगे।

प्रदर्शनी

प्रदेश में भांग की खेती को वैध करने व औषधीय उपयोग के मद्देनजर शिमला के गेयटी थियेटर में आज सेमिनार व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान विभिन्न कंपनियों के हितधारक औद्योगिक नवाचार और भांग के औषधीय उपयोग से संबंधित युगांडा कल्टीवेशन प्रोजेक्ट, मेडिकल हेम्प बिजनेस, हेम्प पारिस्थितिकीय नियोजन जैसे विषयों पर प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी शिरकत करेंगे।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक –रूक कर जारी है और कल रात अधिकांश भागों में भारी वर्षा का समाचार है। हालांकि कई क्षेत्रों में आज सुबह से हल्के बादल छाए हुए हैं और मौसम विभाग ने प्रदेश के तीन जिलों कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मॉनसून की भारी वर्षा से प्रदेश में अभी तक अवरूद्ध 207 सड़कों, सैंकड़ों बिजली ट्रांसफार्मर और जलापूर्ति योजनाओं को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस बीच चंबा में आज सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर भूंकप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता तीन दशमलव पांच आंकी

गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप का केंद्र चंबा में जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। भूंकप के झटकों से किसी भी तरह के जान–माल का नुकसान नहीं हुआ है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण की सुर्खी है मुख्यमंत्री ने सराज में राहत कार्यों के लिए दिए सात करोड़ रूपए। मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक भास्कर लिखता है आपदा प्रभावितों के लिए लाएंगे वन टाइम सैटलमेंट पॉलिसी।

हिमाचल में 10वीं, 12वीं करने वालों को ही स्टेट कोटे से एमबीबीएस में प्रवेश शीर्षक से अमर उजाला लिखता है सरकार ने बदले पात्रता नियम, साल 2023 से पहले के नियम ही होंगे लागू।